an>

Title: Need to conserve Brahma Sarovar, an ancient water tank sacred to Hinduism in Haryana and take appropriate steps for inclusion of the Sarovar in the list of UNESCO world heritage sites.

श्री राजकुमार सैनी (कुरूक्षेत्र) ः: वर्ष 2014 में शुरू किया गया ""स्वच्छ भारत मिशन"" से स्वच्छता को लेकर जागरूकता तो बढ़ी है लेकिन ये अभियान अभी भी बड़े हद तक कागजी बजट ही साबित हो रहा है। हमारे देश में अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी सार्वजनिक सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान नहीं दिया जाता। फलस्वरूप पुराने ऐतिहासिक महत्व के तालाब, सरोवर और बगीचे सफाई और संरक्षण न होने की वजह से अपनी विरासत और पहचान खो रहे हैं। मैं गीता-उपदेश की पवित्र धरती कुरूक्षेत्र (हरियाणा) की नुमाइंदगी करता हें और ब्रह्म सरोवर की हालत ये बयां करती है कि इस विरासत को संभालने की कितनी जरूरत है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि ""स्वच्छ भारत मिशन"" को सफलता की ऊंÃ¬चाई तक पहुँचाने के लिए और इस प्राचीन धरोहर को जीवंत बनाए रखने के लिए सरकार यह प्रयास करे कि ताजमहल की तर्ज पर ब्रह्म सरोवर को भी यूनेस्को की सूची में शामिल कराने हेतु उचित कदम उठाए जाएं और इस आस्था के केंद्र को बचाया जाए। कुरूक्षेत्र का विकास हरियाणा में पर्यटन उद्योग को भी नई ऊँचाईयों पर ले जाएगा, साथ ही साथ स्थानीय लोगों को रोज़गार भी उपलब्ध होगा।